



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


*भिलाई के वैशाली नगर में 8 महीने तक किराये का कमरा लेकर रहने वाले हिमांशु आहूजा उर्फ हनी के भाई सौरभ की जयपुर स्थित 5-स्टार होटल में शादी के दिन रायपुर से पहुंची ईडी की टीम ने छापा मारा। इस मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।*

# महादेव सट्टे में बड़ा एक्शन, 200 करोड़ की शादी में ईडी ने मारा छापा, दूल्हा फरार, दुबई से भी आए थे मेहमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

हनी महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़ा हुआ है। उसका छोटा भाई सौरभ भी महादेव सट्टा से जुड़कर दुबई में सौरभ चंद्राकर के लिए काम कर रहा था। बीते दो से तीन सालों में उसने इतना पैसा कमाया कि गोवा में रिसॉर्ट से लेकर भोपाल में आलीशान घर बना लिया है। इतना ही नहीं, जयपुर राजस्थान के कूकस स्थित होटल फेयर माउंट में सौरभ की शादी प्रोग्राम रखा गया। सूत्रों से पता चला कि सौरभ की शादी में 200 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे थे। इसमें दुबई से लगभग 200 महादेव सट्टा एप से जुड़े लोग पहुंचे थे। साथ ही भिलाई और रायपुर से 50 से अधिक लोग वहां पहुंचे थे। इसकी जानकारी रायपुर स्थित ईडी की टीम को हुई। ईडी की टीम ने बुधवार ▶▶| शेष पेज 7 पर



## छापेमारी के दौरान दूल्हा फरार, कई गिरफ्तार

इस शादी में भिलाई से एक मेडिकल स्टोर का संचालक सहित कई बड़े व्यापारी पहुंचे थे, जो महादेव के काले पैसे को सफेद करने का काम कर रहे थे। इसके साथ ही जो बड़े महादेव पैनल चलाने वाले हैं, वो भी वहां पहुंचे थे। ईडी ने जब रेड मारी तो 5-स्टार होटल के कमरे में अय्याशी करते कई लोग गिफ्तार हुए हैं। वहीं दूल्हा सौरभ अहूजा मौके से फरार हो गया है।

## वैशाली नगर में 8 माह रहे किराये के घर पर

हनी अहूजा और सौरभ अहूजा भोपाल मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। इनकी स्थिति काफी दयनीय थी। इस पर इसके भिलाई वैशाली नगर में रहने वाले दोस्त नेपू सिंधी ने इन्हें भिलाई बुलाया। यहां ये लोग 8 माह तक किराये का घर लेकर रहे और धीरे धीरे महादेव का पैनल चलाने लगे। इसके बाद सौरभ चंद्राकर से अच्छा परिचय होने पर उसने इन्हें दुबई बुलाया और अपने ब्रांच के कारोबार को संभालने की जिम्मेदारी दी।

## *शाही शादी की बात पुरानी*

*महादेव सट्टा एप से जुड़े आरोपियों की शाही शादी हमेशा चर्चा में रही है। प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की फरवरी 2023 में शाही शादी की थी। शादी समारोह में सौरभ चंद्राकर ने 200 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किया था। शादी में परिवार के सदस्यों के अलावा छत्तीसगढ़ से 200 लोगों को नागपुर से यूएई तक ले जाने के लिए निजी जेट किराए पर लिए गए थे। वेडिंग प्लानर, डांसर, डेकोरेटर आदि को मुंबई से काम पर रखा गया था। जिन लोगों को काम पर रखा था, उन लोगों को हवाला के जरिए भुगतान किया गया था। शादी समारोह में शामिल होने रायपुर, भिलाई के कई बड़े कारोबारी, नौकरशाह तथा महादेव सट्टा एप से जुड़े लोग स्पेशल जेट से यूएई पहुंचे थे।*

## खबर संक्षेप

### बिल्डर ने की आत्महत्या दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक बिल्डर को कथित तौर पर धमकाने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया। यहां नालासोपारा इलाके में मंगलवार को बिल्डर जयप्रकाश चव्हाण अपने आवास में फंदे से लटका मिला था। सुसाइड नोट में आरोप लगाया गया है कि तीनों व्यक्तियों ने चव्हाण को धमकाया, अपमानित किया ।

### हॉस्टल की बालकनी से गिरकर छात्र की मौत



**झांसी।** झांसी स्थित एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की बालकनी से कथित तौर पर गिरकर एक एमबीबीएस छात्र की मौत हो गई। 2022 बैच का द्वितीय वर्ष का छात्र सार्थक खन्ना (22) मंगलवार रात लखनऊ स्थित अपने घर से हॉस्टल लौटा था। वह मेडिकल कॉलेज के पटेल हॉस्टल में रह रहा था।

### ट्रक पलट जाने से तीन कांवड़ियों की गई जान




**नई टिहरी।** टिहरी जिले में बुधवार को कांवड़ियों को ले जा रहे एक ट्रक के पलट जाने से उसपर सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हो गए। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से 21 कांवड़ियों का समूह उत्तरकाशी जिले के हर्षिल जा रहा था और इस दौरान यह दुर्घटना हो गई। मृतकों की पहचान विक्की, सुनील सैनी और संजय के रूप में हुई है।

### अंतरराज्यीय ऑक्सीटोसिन गिरोह का भंडाफोड़



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल ने ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की अवैध तस्करी और आपूर्ति में कथित रूप से शामिल अंतरराज्यीय गिरोह के तीन संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया। लखनऊ के काकोरी थानाक्षेत्र में छापेमारी के दौरान लगभग 5,87,880 मिलीलीटर ऑक्सीटोसिन जब्त किया।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा :** 19 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों में स्टडी

# 40 दिनों में हार्ट अटैक से 20 की मौत इधर, दावा- कोविड टीके से संबंध नहीं

*कर्नाटक में कथित रूप से 40 दिनों में हार्ट अटैक से मौत पर सीएम सिद्धारमैया ने आरोप लगाया कि कोविड वैक्सीन को जल्दबाजी में मंजूरी देना और लोगों को बांटना भी दिल के दौरे से हुई मौतों का कारण हो सकता है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि युवाओं में हो रहे हार्ट अटैक और कोरोना वैक्सीन के बीच कोई संबंध नहीं है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक और अस्पष्ट कारणों से मौत के मामलों की जांच की गई है। इन अध्ययनों से यह निर्णायक रूप से स्थापित हो गया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। उसने कहा कि आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा किए गए अध्ययनों से पुष्टि होती है कि भारत में कोविड-19 टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं तथा इनके गंभीर दुष्प्रभाव के मामले बेहद कम ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ 18 से 45 साल के लोगों पर हुई रिसर्च

**भारत में दो कोविड वैक्सीन** ■ कोवैक्सिन ■ कोविशील्ड

### पहला रिसर्च

एक अध्ययन पूर्ववर्ती डेटा पर आधारित था, जबकि दूसरा वास्तविक समय की जांच पर केंद्रित था। इस अध्ययन को मई से अगस्त 2023 के बीच देश के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 47 तृतीयक स्तर के अस्पतालों में किया गया।

### दूसरा रिसर्च

दूसरे अध्ययन का शीर्षक है युवाओं में अचानक मौत के कारणों की पहचान। इस अध्ययन को वर्तमान में एम्स, नयी दिल्ली द्वारा किया जा रहा है।



### क्या कहा था कर्नाटक के सीएम ने

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा है कि अकेले हासन जिले में ही पिछले महीने दिल के दौरे से 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। जल्दबाजी में कोविड टीके को 'हड़बड़ी में मंजूरी देना और लोगों को लगाना' भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है।उन्होंने 'एक्स' पर कहा, राज्य सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है।

**एक्सपर्ट व्यू**

### लाइफ स्टाइल जिम्मेदार

दिल्ली के राजीव गांधी अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग में डॉ. अजीत जैन बताते हैं कि अचानक हुई कार्डियक मौतों में वैक्सीन की भूमिका नहीं बल्कि कोरोना वायरस का प्रभाव और लाइफ स्टाइल कारण ज्यादा जिम्मेदार हो सकते हैं। डॉ. जैन कहते हैं कि इसके अलावा भी हार्ट डिजीज के मामले बढ़ने के कई कारण हैं। इनमें मानसिक तनाव, नींद की कमी और जंक फूड खाने का चलन बढ़ना, स्मोकिंग भी बड़ा रिस्क फैक्टर है। अजीत कहते हैं कि आईसीएमआर और डीजीएचएस (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज) ने साफ किया है कि कोविड वैक्सीन पूरी तरह से सेफ हैं।

**मदिरा प्रेमियों के उड़े होश**

# *देशी शराब की बोतल शोले में निकली छिपकली और मकड़ी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

प्रदेशभर में शराब प्रेमियों को सस्ती दर पर शराब की बोतल उपलब्ध कराने के लिए बेची जा रही शोले ब्रांड की बोतल में कीड़ा पाया गया है। राजनांदगांव जिले के दो अलग-अलग इलाकों से महज 24 घंटे के भीतर सामने आई दो मामलों ने शराब प्रेमियों के भी होश उड़ा दिए हैं, जहां एक बोतल से छिपकली निकली है। वहीं छुरिया में शराब की बोतल में मृत मकड़ी देखने को मिली। दोनों ही मामलों के फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में सरकार ही शराब दुकानों का संचालन करती है। ▶▶| शेष पेज 7 पर



### शराब की अवैध बॉटलिंग का भी मामला

ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में ही शराब की अवैध बॉटलिंग का मामला भी पिछले दिनों सामने आया था। इसके अलावा नकली शराब बनाने का भी एक मामला गंडई में सामने आ चुका है।

# न एफआईआर- न अफसरों की अनुमति, आरोपी को किया गिरफ्तार, टीआई सहित दो सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

व्यापारी से 4 लाख रूपए में डील कर बिना अपराध दर्ज किए ही आरोपी को पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार करना कुसमी थाने में पदस्थ दो प्रधान आरक्षकों को महंगा पड़ गया। थाना प्रभारी के इशारे पर गैरकानूनी तरीके से पश्चिम बंगाल के बड़े व्यापारी को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों को स्थानीय पुलिस ने ही थाने में बैठा लिया और उनसे पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने बलरामपुर एसपी से संपर्क कर इस पूरे प्रकरण की ▶▶| शेष पेज 7 पर




### की गई है कार्रवाई

मेरे संज्ञान में आने के बाद एक्शन लिया गया है। वहां के डीसीपी से मेरी बात हुई। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। इस तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की जांच चल रही है।

**वैभव बैंकर रमनलाल**
एसपी बलरामपुर

### शिकायत के बाद बैठाया गया थाने में

बताया जा रहा है कि गैरकानूनी तरीके से बिना कोई अपराध दर्ज किए ही व्यवसायी को गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ लेकर जाने की शिकायत व्यवसायी के भाई ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल पुलिस से की। इस दौरान स्थानीय पुलिस ने दोनों आरक्षकों को पकड़ लिया और थाने में बैठाकर उनसे पूछताछ की। दोनों पुलिसकर्मियों के बयान अलग अलग होने पर आसनसोल के डीएसपी ने एसपी बलरामपुर से सम्पर्क किया और उन्हें पूरी जानकारी दी। एसपी के हस्तक्षेप के ▶▶| शेष पेज 7 पर

**निर्वाचन आयोग का नया फैसला**

# सिर्फ पार्टी प्रमुखों से ही बैठक करेगा ईसी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने विभिन्न दलों की ओर से 'अनधिकृत' व्यक्तियों द्वारा 'बार-बार और अलग-अलग' बैठक के अनुरोध किए जाने के बीच बुधवार को फैसला किया कि वह केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों से इस तरह के संवाद का संज्ञान लेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले कई व्यक्ति बिहार में ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सीईसी से मिलेंगे राजद, माकपा और भाकपा के नेता

राष्ट्रीय जनता दल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लिबरेशन के नेता बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा उठाएंगे।

**दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस**

# छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त का निधन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल डॉ. शेखर दत्त का बुधवार को 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।



### छत्तीसगढ़ के चौथे राज्यपाल

डॉ. शेखर दत्त छत्तीसगढ़ के चौथे राज्यपाल रहे। उनका कार्यकाल 23 जनवरी 2010 से 14 जुलाई 2014 तक रहा। उनके निधन से प्रशासनिक सेवा और देश की सुरक्षा व्यवस्था में एक अनुभवी मार्गदर्शक का अवसान हुआ है।

**सरकार ने कैब कंपनियों को 'व्यस्त समय' में दी अनुमति**

# उबर, ओला और रैपिडो पीक ऑवर में ले सकेंगी दोगुना किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

सड़क परिवहन मंत्रालय ने उबर, ओला और रैपिडो जैसी कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों (कैब एग्रीगेटर) को 'पीक ऑवर' (व्यस्त समय) के दौरान आधार मूल्य का दोगुना तक किराया वसूलने की अनुमति दे दी है। अभी तक यह डेढ़ गुना है। गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए। सड़क परिवहन एवं ▶▶| शेष पेज 7 पर




### कैंसिल करने पर ऐसे है जुर्माने का नया नियम

ड्राइवर कैंसिल करे तो : अगर ड्राइवर ऐप पर राइड स्वीकार करने के बाद बिना कोई ठोस कारण बताए यात्रा कैंसिल कर देता है, तो उस पर किराए का 10% या अधिकतम 100 रुपए का जुर्माना लगेगा। यह जुर्माना ड्राइवर और कंपनी के बीच बांटा जाएगा। अगर यात्री बुकिंग रद्द करता है, तो उससे भी ऐसा ही जुर्माना लिया जाएगा।

### बेस किराया कौन तय करेगा?

अब ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी भी इन नियमों के दायरे में आ गए हैं। राज्य सरकारें अलग-अलग तरह की गाड़ियों (टैक्सी, ऑटो, बाइक टैक्सी) के लिए बेस किराया तय करेंगी। उदाहरण के लिए, दिल्ली और मुंबई में टैक्सी का बेस किराया लगभग 20-21 रुपये प्रति किमी है, जबकि पुणे में यह 18 रुपये प्रति किमी है। अगर किसी राज्य ने बेस किराया तय नहीं किया है, तो कंपनियों को खुद बेस किराया तय करके राज्य सरकार को बताना होगा।


RUNGTA INTERNATIONAL SKILLS UNIVERSITY R1

26 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES

RECORD-BREAKING Performance Continues

ALLOTMENTS 1458 / 1458 TOTAL

RUNGTA R1 Rewrites History in Technical Education with All B.Tech. Seats Allotted in 1st Round for the 3rd Time in a Row in CGDTE Counselling.

RUNGTA COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

NAAC-A Grade | NBA Accredited | NIRF Innovation Ranked

Engineering - BE110

- B.Tech. CSE in association with Google
- B.Tech. CSE Artifical Intelligence in association with Google
- B.Tech. CSE AI & ML in association with Google
- B.Tech. CSE Data Science in association with Google
- B.Tech. CSE AI & ML in association with IBM
- B.Tech. CSE Cyber Security in association with EC Council
- B.Tech. Information Technology
- B.Tech. Civil Engineering
- B.Tech. Electrical Engineering
- B.Tech. Electronics & Telecommunication
- B.Tech. Mechanical Engineering
- B.Tech. Mining Engineering

9016 11 3333

www.rungta.ac.in

Rungta Educational Campus, Kohka-Kurud Road, Bhilai, Chhattisgarh

*Subject to Approval of Ordinances by CG Govt.

Deepak Advertisers



धर्मनगरी डोंगरगढ़ में योगाश्रम की आड़ में अनैतिक काम करने वाले योगी बाबा कांति तरुण अग्रवाल के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस द्वारा रिमांड पर पूछताछ के दौरान आरोपी योगी बाबा ने स्वीकार किया है कि करीब 22 हजार विदेशियो को योगा प्रशिक्षक की ट्रेनिंग देकर उसने करोड़ो रूपए की संपत्ति अर्जित की है।

## 22 हजार विदेशियों को योग सिखा खरीदी करोड़ों की संपत्ति, पुलिस ने बाबा के सीए से मांगी इनकम डिटेल

### योगी बाबा के संपर्क में रहने वालो की सीडीआर से खुल रही कुंडली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

वहीं एनजीओ से जुड़े सदस्यों से भी पूछताछ किए जाने पुलिस डिटेल निकाल रही है। सीडीआर से यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर योगी बाबा के संपर्क में कौन-कौन था?

डोंगरगढ़ में योगाश्रम की स्थापना कर योगी बाबा ने युवाओं और पर्यटकों को सेक्स टॉय से लेकर गांजा और उत्तेजक दवाइयां मुहैया कराना शुरू किया था। पुलिस ने प्रज्ञागिरी के समीप इस कथित आश्रम में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई में दो किलो गांजा के साथ-साथ सेक्स टाय भी बरामद हुआ है। पुलिस ने अब मामले की जांच तेज कर दी है। पुलिस की शुरूआती जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि आरोपी योगी बाबा कांति तरुण अग्रवाल 20 साल बाद गोवा से यहां लौटा था। गोवा में योगाश्रम का संचालन कर करीब 22 हजार विदेशियो को योगा का प्रशिक्षण देकर आरोपी ने विदेशों में नेटवर्क तैयार किया। कई विदेशों की यात्रा कर फंड भी जुटाया और फिर डोंगरगढ़ में करोड़ों रुपए की जमीन की खरीदी की। आरोपी यहां चुनाव लड़ने की भी तैयारी कर रहा था। पुलिस ने एनजीओ से जुड़े सदस्यों से भी पूछताछ करने की तैयारी की है। बताया जाता है कि पुलिस की एक टीम शीघ्र ही यहां से रवाना होने वाली है।



### कई एंगल से जांच

आरोपी ने अपने बयान में दस से अधिक एनजीओ से जुड़े होने का दावा किया है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। आरोपी के पास इतनी संपत्ति कहां से आई, यह भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस कई एंगल में जांच कर रही है।

**- मोहित गर्ग**
एसपी, राजनांदगांव

### गोवा में लीज में था योगाश्रम

पुलिस सूत्रों की माने तो आरोपी योगी बाबा कांति तरुण अग्रवाल ने गोवा में लीज पर आधा एकड़ जमीन में योगाश्रम का संचालन किया। यहां सर्वसुविधायुक्त 32 कमरे बने थे। सूत्रों की माने तो 2030 तक लीज पर यह जमीन थी। इस बीच जमीन मालिक ने एक साल पहले ही यह परिसर खाली कराया था। योगी बाबा ने गोवा के इस आश्रम को यहां डोंगरगढ़ में शिफ्ट करने की तैयारी की थी।

### गोवा-डोंगरगढ़ के सीए तलब

पुलिस ने आरोपी की संपत्ति को खंगालने के लिए गोवा और डोंगरगढ़ के सीए को भी तलब किया है। गोवा से इंकम के सभी दस्तावेज मांगे गए है। पुलिस का कहना है कि एक दो दिनो के भीतर रिकार्ड मिल जाएगा।

### खरीदी 40 एकड़ जमीन

20 साल बाद डोंगरगढ़ लौटते ही आरोपी योगी बाबा ने डोंगरगढ़ के प्रज्ञागिरी के समीप 40 एकड़ जमीन की खरीदी की। करोड़ों रुपए की इस जमीन में ही योगाश्रम की स्थापना की तैयारी की जा रही थी। महाराष्ट्र के इंजीनियरों को इसका काम दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 14 वर्षीय बच्चे की मौत, मिलेगा 10.81 लाख का मुआवजा

**बिलासपुर**। हाईकोर्ट ने 14 साल के बच्चे की सड़क हादसे में मौत के बाद परिजनों को 10.81 लाख रुपए का मुआवजा देने के फैसले को पूरी तरह सही ठहराया है। बीमा कंपनी ने इस आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी की अपील खारिज करते हुए कहा कि नाबालिग बच्चे के उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रकरण के मुताबिक कटघोरा में 22 मई 2017 को 14 साल का आलोक स्कूटी पर पीछे बैठा था। कार क्रमांक सीजी-12, डी 9062 की टक्कर से सड़क पर गिरा। पीछे से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। माता-पिता और भाई-बहन ने 90 लाख रुपए मुआवजे की मांग करते हुए आवेदन पेश किया। कटघोरा के मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने न्यूनतम वेतन के आधार पर मासिक आय 8,190 रुपए मानी। भविष्य की संभावनाओं के लिए इसमें 40 फीसदी और राशि जोड़ी गई और कुल 10.31 लाख रुपए की हानि तय की गई।

### एक दिन की गैरहाजिरी पर कांस्टेबल को बर्खास्त कर दिया हाईकोर्ट ने इसे गलत माना

**बिलासपुर**। पुलिस विभाग ने कांस्टेबल को एक दिन की गैरहाजिरी और नशे में थाने आने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया था। कांस्टेबल ने 23 जून 2007 को जारी आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना मेडिकल या ब्लड टेस्ट के नशे का आरोप साबित नहीं होता। हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी की सजा को गलत मानते हुए कांस्टेबल को सेवा में बहाल करने का आदेश दिया गया है। हालांकि कांस्टेबल को एक वेतनवृध्दि रोकने की सजा जरूर दी गई है। पुलिस विभाग के तहत डोंगरगढ़ में कार्यरत कांस्टेबल शंकर लाल 25 फरवरी 2007 को ड्यूटी से गैरहाजिर था। आरोप है कि उसी दिन वह थाने में नशे की हालत में आया और अधिकारियों से दुर्व्यवहार किया। इस पर 18 अप्रैल 2007 को आरोप पत्र जारी हुआ। जांच अधिकारी ने 3 जून 2007 को रिपोर्ट दी। इसमें कांस्टेबल को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत दोषी पाया गया। रिपोर्ट 4 जून को कांस्टेबल को दी गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने 23 जून 2007 को सेवा से बर्खास्त कर दिया।

## हत्या के दो मामलों के आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

# मां को टोनही कहने से नाराज बेटी ने चचेरे भाई के साथ मिलकर की हत्या, हाथ धोते समय विवाद पर भी मर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

मां को टोनही कहने से नाराज बेटी ने चचेरे भाई के साथ मिलकर महिला की नृशंस हत्या कर दी। ब्लॉक के खैरबना में दो बच्चों की मां विधवा महिला मोहिनी साहू की हत्या का राज खुलते ही पुलिस भी चौक गई। पड़ोस में रहने वाली सविता साहू को टोनही कहकर बदनाम करने की रंजिश में उसका कत्ल किया गया। खास बात यह रही कि हत्या के बाद आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने फिल्म दृश्यम जैसी कहानी रच दी, मगर सायबर टीम की पकड़ से बच नहीं सके।

काफी लंबे समय से मोहिनी की हत्या का प्लान बना रहे सविता, उसकी बेटी जसिका और भतीजा दीपेश ने 26 जून को मौका देखकर वारदात को अंजाम दिया। दोपहर करीब 2 बजे जब मोहिनी घर में अकेली थी, तीनों छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। सविता और जसिका ने मोहिनी का गला गाय बांधने की रस्सी गेरूआ से घोंटा। जबकि दीपेश ने पीछे से धारदार हंसिया से गले और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिसके चलते मोहिनी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हंसिया और गेरुआ रस्सी जब्त कर ली है। आरोपियों सविता साहू 39, जसिका साहू 19 और दीपेश साहू 24 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों घर लौटे। खून से सने कपड़े और शरीर धोकर सबूत मिटाया और गांव में यह कहानी फैलाई कि घटना के वक्त वे खेत में थे। शुरूआत जांच में पुलिस भी उलझ गई थी, मगर सायबर सेल ने मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स खंगाला। जिससे पूरा झूठ सामने आ गया।



**टोनही का विवाद बना कारण :** पुलिस के मुताबिक हत्या की मास्टर माइंड 19 साल की जसिका साहू है। जिसका मोहिनी के साथ कई बार अपनी मां को टोनही बोलने के कारण विवाद हो गया था। घटना तारीख को उन्हें पता चला कि मोहिनी खेत नहीं गई है और बच्चे स्कूल गए हैं तो तीनों ने मिलकर प्लान बनाया और साथ में चचेरे भाई को भी शामिल कर लिया। दोपहर को घर का दरवाजा अंदर से बंद कर मोहिनी कुछ काम कर रही थी, तभी आपस में घर सटे होने के कारण तीनों छत के रास्ते अंदर आए। मां-बेटी ने गेरूआ से गला घोंटा और चचेरे भाई ने हंसिया से वार किया। मोहिनी के तड़पते तक तीनों वहीं रूके रहे और जब पूरी तरह से कंफर्म हो गया कि वो मर गई तो छत के रास्ते वापस लौट गए। शुरूआती तफ्तीश में आरोपियों तक पहुंचने पुलिस को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा, लेकिन सच ज्यादा देर तक नहीं छुपता।

## इंजीनियर की हत्या में शामिल थे छह आरोपी

**राजनांदगांव**। दोस्त के जन्मदिन की पार्टी मनाने ढाबा आए युवक का वॉश बेसिन में हाथ धोते समय पानी छिंटक जाने से हुए विवाद पर युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी युवक एवं चार नाबालिग को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी अभिषेक कुंडू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 जून की 11 बजे वह हिमांशु, पंकज, वैभव एवं प्रशांत तिवारी सभी बाइक से पंकज का जन्मदिन मनाने पार्टी करने देवादा स्थित हमारा ढाबा आए थे।

रात्रि 1 जुलाई को 12 बजे के बाद केक काटे, जन्मदिन मनाए, खाना खाए, फिर पंकज और हिमाशु घर के लिए निकल गए। करीबन साढे.3 बजे वह होटल से निकला तो प्रशांत नहीं था। इसी बीच होटल वाला मुकेश गिरी आवाज दिया कि तुम्हारे दोस्त को मार रहे हैं, जब वह वहां पहुंचा तो सौरभ उर्फ सोनू गुरूम व उसके अन्य साथी एक राय होकर हत्या करने की नियत से प्रशांत पर चाकू से प्राणघातक हमला कर पेट में 2-3 बार चाकू मार दिए थे, जिसे ईलाज के लिए सेक्टर-9 अस्पताल भिलाई पंकज व वैभव लेकर गए हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## एमडीएस की सीटों का पहला आवंटन 9 को, शुरू हुआ ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर**। चिकित्सा से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रदेश में काउंसिलिंग का दौर शुरू हो गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने डेंटल कालेजों में एमडीएस की सीटों पर एडमिशन के लिए 7 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मंगाया है। विभिन्न प्रक्रिया पूरी करने के बाद 9 जुलाई को पहले चरण में सीटों का आवेदन किया जाएगा।

प्रदेश में डेंटल की पीजी पढ़ाई के लिए एक शासकीय सहित 6 कालेजों में कुल 144 सीट है। पिछली बार इन सीटों पर प्रवेश के लिए लंबे समय तक काउसिलिंग की प्रक्रिया पूरी करनी पड़ी। इस बार जुलाई से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है और इसके लिए प्रारंभिक रूप से काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसमें काउंसिलिंग की प्रक्रिया 2 जुलाई से शुरू होकर 26 अगस्त तक पूरी की जानी है। इसे ध्यान में रखते हुए बुधवार से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई जिसकी अंतिम तिथि 7 जुलाई है और उसी दिन च्वाइस फीलिंग और लॉकिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एडमिशन के लिए दो चरण के नियमित काउंसिलिंग के बाद मॉपअप राउंड पूरा किया जाएगा। इस बार भी एडमिशन के लिए सामान्य वर्ग के लिए 50, जनरल पीडब्लूबीडी के लिए 45 और आरक्षित वर्ग के लिए 40 फीसदी न्यूनतम अंक निर्धारित किया गया है। एमडीएस की नीट की परीक्षा 960 अंकों की होती है।

- शुरू हुआ आवेदन का दौर, 7 जुलाई अंतिम तिथि एमडीएस की कुल 144 सीटें

### शासकीय कालेज में 26 सीटें

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में एमडीएस की कुल 26 सीटें हैं, जिसमें से आधी ऑल इंडिया कोटे की हैं। एडमिशन के दौरान शासकीय कालेज की सीटों में एडमिशन मॉपअप राउंड तक पूरा हो जाता है। वहीं पांच निजी कालेजों की 118 सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया स्पेशल वैकेंसी राउंड के रूप में कई दौर में पूरी की जाती है।

## पत्नी ने 22 साल बाद मांगा भरण-पोषण हकदार नहीं माना, याचिका खारिज

**बिलासपुर**। हाईकोर्ट ने 22 साल बाद पति से भरण पोषण की मांग को लेकर दायर महिला की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि इतने लंबे अंतराल के बाद पत्नी भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है। इस मामले में हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को सही ठहराया है। दरअसल, दुर्ग में रहने वाली महिला ने अपने पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 144 के तहत आवेदन देकर अंतरिम रूप से हर माह 40 हजार रुपए भरण-पोषण और 25 हजार रुपए मुकदमे पर हुए खर्च की मांग की थी। फैमिली कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि महिला 22 वर्षों तक चुप रही। अब अचानक भरण पोषण की मांग करना तर्कसंगत नहीं है। फैमिली कोर्ट के फैसले के खिलाफ महिला ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका लगाई थी। महिला ने कोर्ट को बताया कि वह पहले सरकारी नौकरी में थी, लेकिन अब बेरोजगार है।



### अचानक भरण-पोषण की जरुरत क्यों पड़ी

महिला ने याचिका में कहा कि पत्नी होने के नाते वो भरण-पोषण की हकदार है। उसके पति ने ही 2002 में उसे घर से निकाल दिया। कहा कि उसने अपनी सारी जमा पूंजी बेटे की पढ़ाई और बीमार पिता की दवाइयों में खर्च कर दी है। हाईकोर्ट महिला के तर्कों से सहमत नहीं हुआ। याचिका खारिज करते हुए फैसले में कहा गया कि महिला ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इतने वर्षों बाद आखिर किन कारणों से अचानक भरण-पोषण की जरूरत पड़ी।

## लंबे समय बाद रिजर्व फारेस्ट में टाइगर की हुई वापसी

**धमतरी**। टाइगर रिजर्व फारेस्ट में टाइगर की वापसी से वन अमले में खुशी है। वहीं वनांचलवासी दहशत में हैं। वन विभाग द्वारा लगातार ट्रेकिंग की जा रही है। जहां पर बाघ नजर आया, उसके 10 किमी रेडियस में ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया गया है। जंगल जाने में सावधानी बरतने की अपील की गई है।

उंदती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट का क्षेत्रफल 1300 वर्ग किमी से ज्यादा है। इसमें से करीब 550 वर्ग किमी क्षेत्रफल धमतरी जिले का आता है। आज से करीब 20 साल पहले यहां पर चार बाघ थे। ये बाघ कब से विलुप्त हो चुके हैं। इसके बाद भी रिजर्व फारेस्ट को बरकरार रखा गया। इसका नतीजा यह हुआ कि एक बार फिर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी के सबूत मिले हैं।

जिला वन मंडल और टाइगर रिजर्व वन अमले द्वारा लगातार बाघ को ट्रेस करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मगरलोड ब्लाक के उत्तर सिंगपुर इलाके में बाघ के पदचिन्ह मिले हैं। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।






### मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत 3620 संरचनाएं होंगी तैयार

# भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए पहाड़ी से घाटी तक की नीति पर हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु में जल संचयन कर जिले को जल संकट से स्थायी रूप से निजात दिलाना है, साथ ही मनरेगा योजना के तहत जल संवर्धन के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण तेज गति से जारी है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि जिले में जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायतों में पहाड़ी ढलानों पर कुल 3620 से अधिक संरचनाएं बनाई जा चुकी हैं। इस वर्ष 1666 से अधिक जल संरक्षण कार्यों को मंजूरी दी जा चुकी है। इनमें तालाब निर्माण, निजी कृषि तालाब, सोखता गड्ढे, लूज बोल्डर चेक डेम, गैबियन स्ट्रक्चर, अर्दन डैम, चेक डैम, कंटूर ट्रेंच, सोक पिट, डिफंक्ट बोरवेल रिचार्ज, परकोलेशन टैंक जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल है।





इन संरचनाओं का मुख्य उद्देश्य बरसात के मौसम में नालों के माध्यम से बहकर व्यर्थ जाने वाले पानी को रोकना और उसे धरती में समाहित कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों की योजना बनाने और कार्यान्वयन में आधुनिक जीआईएस यानी जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

### समस्या का मिलेगा स्थायी समाधान

पूर्व में इन क्षेत्रों में वर्षा जल के बहाव से बड़े पैमाने पर मिट्टी कटाव की समस्या उत्पन्न होती थी। अब इन संरचनाओं के निर्माण से न केवल जल संरक्षण होगा, बल्कि मिट्टी कटाव की समस्या पर भी स्थायी समाधान मिलेगा। नालों का बहाव धीमा होगा और पानी धीरे-धीरे भूमि में रिसकर भू-जल भंडार को समृद्ध करेगा। यह प्रयास जिले में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थानीय समुदायों की आजीविका को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

रायपुर
गुरुवार 3 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष : 23, अंक : 346
पृष्ठ : 12+4 = 16 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 27.6
न्यून. 24.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com





06 बी-ग्रेड फिल्मों में दिखाया हुनर
विचार पेज
04 ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ें







# अब तीन महीने का चावल मिलेगा 31 तक, केवाईसी नहीं तो 31 लाख ग्राहक जाएंगे खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राशन दुकानों से अब तीन माह का चावल 31 जुलाई तक मिल सकेगा। इस संबंध में केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर दिया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में करीब 31 लाख हितग्राहियों (ग्राहकों) को यह राशन इसलिए नहीं मिलेगा, क्योंकि उन्होंने राशन कार्ड का केवाईसी नहीं करवाया है। ऐसे ग्राहक अगर राशन दुकान पहुंचे, तो उन्हें थैला समेट कर खाली हाथ लौटना पड़ेगा।

खास खबर

### केंद्र सरकार ने बढ़ाया समय

अब केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों के लिए तीन माह का राशन एक साथ देने के लिए 31 जुलाई तक तारीख तय की है। इस संबंध में राज्य की खाद्य सचिव रीना कंगाले ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर 25 जुलाई तक अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था। हालांकि राज्य में अब तक करीब 87 प्रतिशत ग्राहकों को चावल वितरित किया जा चुका है। इसमें बीपीएल और एपीएल दोनों शामिल है।

### केंद्र ने बढ़ाई मोहलत, राज्य ने भी किया था आग्रह



ये है मामला

*राज्य के राशन कार्ड धारियों को एक साथ तीन महीने का चावल दिया जाना है। इसकी शुरुआत 1 जून से 30 जून तक बांटा जाना था, लेकिन बाद में यह तारीख 7 जुलाई तक और बढ़ाई गई थी। वजह ये कि तय अवधि में वितरण नहीं हो पाया था। इसके पीछे तकनीकी कारण भी थे। खासकर नई व्यवस्था में एक ग्राहक को तीन महीने का चावल लेने के लिए 6 बार ओटीपी देना पड़ रहा था, इसमें अधिक समय लग रहा था, लोग दिन-दिन भर राशन के लिए लाइन में लगे रहते थे, तब भी राशन नही मिल पा रहा था।*

### इन 31 लाख ग्राहकों को नहीं मिलेगा राशन

तीन माह का राशन लेने के लिए 31 जुलाई तक का समय बढ़ाने के बाद भी छत्तीसगढ़ के 31 लाख ग्राहकों (यूनिट) को राशन नहीं मिलने वाला है। अगर ये लोग थैला लेकर राशन दुकान गए भी तो उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ेगा। वजह ये है कि इन 31 लाख लोगों के राशन कार्ड का केवाईसी नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ में कुल मिलाकर 81 लाख 56 हजार राशन कार्ड प्रचलित हैं। इन राशन कार्डों में 2 करोड़ 73 लाख सदस्य पंजीकृत हैं। एक राशन कार्ड में अगर चार सदस्य हैं तो चारों का आधार सत्यापन के साथ केवाईसी किया जाना है। इस काम के लिए कई बार तारीखें बढ़ाने के बाद अंतिम अवसर 30 जून तक दिया गया था। यह अवधि समाप्त होने के बाद भी 31 लाख सदस्यों का केवाईसी नहीं हो पाया है। इन लोगों को राशन तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि इनका केवाईसी सत्यापन नहीं हो जाता है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### छह साल में बुजुर्ग महिला से 1.15 करोड़ रुपए ठगे



**मुंबई।** मुंबई की 70 वर्षीय एक महिला से छह साल में कथित रूप से आयकर अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने लगभग 1.15 करोड़ रुपए की ठगी कर दी। महिला ने दादरी पुलिस में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता को मई 2019 में पहली बार एक महिला ने फोन किया, जिसने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताया और कहा कि विभाग उसके मृत पति का धन उन्हें लौटाना चाहता है। शिकायतकर्ता से महिला ने कहा कि वह अपने पति का धन वापस प्राप्त करने के लिए उनके नाम पर लंबित करों और जुर्मानों का भुगतान करें।

### साइबर धोखाधड़ी मामले में ईडी ने छापे मारे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने \चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा कथित तौर पर 900 करोड़ रुपए की साइबर धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में छापेमारी की।

### सांसद चंद्रशेखर आजाद को धमकी, केस दर्ज



**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी व्हाट्सऐप के जरिए मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया है। पार्टी कार्यकर्ता शेख परवेज ने एक लिखित शिकायत दर्ज करायी है।

### विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ा



**मुंबई।** गोवा से पुणे के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइस जेट के विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ गया, हालांकि यात्रियों की सुरक्षा पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। एयरलाइन ने कहा कि अगले हवाई अड्डे पर विमान के उतरने के बाद मानक रखरखाव प्रक्रियाओं के अनुसार फ्रेम को ठीक कर दिया गया। स्पाइसजेट की तरफ से विवरण साझा नहीं किये गए।

छग के एमबीसी जिले की अमृत धारा



मैनपाट का टाइगर प्वाइंट



रामानुजगंज में कनहर नदी



# पहाड़ों में तबाही, हिमाचल में 51 की मौत, सरगुजा में उफान पर नदी-नाले

## हिमाचल में बादल फटने की 16 घटनाएं पॉवर प्रोजेक्ट खत्म

*पहाड़ों पर बारिश ने तबाही मचाई है। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की 16 घटनाएं हुईं, जिसमें 34 लोग लापता हो गए हैं और 51 की मौत हो चुकी है। मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। सराज क्षेत्र में बादल फटने के बाद भारी बारिश से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट पूरी तरह तबाह हो गया। हिमाचल के अलावा ओडिशा, राजस्थान में भी भारी बारिश का दौर जारी है। इधर, छत्तीसगढ़ में सरगुजा जिले में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

खास खबर

हिमाचल प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही भारी बारिश का दौर जारी है। यहां 20 जून को मानसून पहुंचना था। अब तक 20 से ज्यादा जगह बादल फटने की घटना हो चुकी हैं। अकेले 30 जून की रात मंडी और किन्नौर में 16 जगह बादल फटे थे। इस मानसून में राज्य में लैंडस्लाइड-बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। 34 से ज्यादा लोग लापता हैं। 40 के करीब मकान पूरी तरह ढह गए हैं। वर्षा के बाद 406 सड़कें बंद हैं। मंडी जिले से बहने वाली ब्यास नदी उफान पर है। राज्य में आज तेज बारिश का रेड अलर्ट है। मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। गोहर, करसोग, थुनाग व धर्मपुर उपमंडल में सात स्थानों पर बादल फटने से मकान जमींदोज होने व बाढ़ के पानी में बहने से 10 लोगों की ▶▶| शेष पेज 7 पर



### मप्र में बारिश की रफ्तार बढ़ी

मप्र की राजधानी भोपाल सहित अधिकांश जिलों में बुधवार से बारिश की रफ्तार बढ़ गई है। सुबह से शाम तक दो दर्जन से अधिक जिलों में भारी से तेज बारिश हुई। मानसून ट्रफ प्रदेश के सीधी, शिवपुरी से गुजरने से आधे प्रदेश में बारिश बढ़ी है। भोपाल में 10 घंटे झड़ी लगी रही। गुरुवार को मंदसौर, नीमच, सीधी, सतना, शहडोल, मैहर और सिंगरौली में कहीं कहीं अति भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट है।

### ओडिशा के भूस्खलन से तीन की मौत

*ओडिशा के क्योंझर जिले में एक खदान से अवैध रूप से मैंगनीज निकालने के दौरान भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार को जोडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिचाकुंडी दालपहाड़ के पास स्थित एक मैंगनीज खदान में उस समय घटी, जब कुछ लोग अवैध रूप से खनिज निकालने में लगे थे।*

### सैलाब में बह गया पॉवर प्रोजेक्ट

तेज बारिश के बाद आई बाढ़ ने 16 मेगावाट क्षमता वाले पटिकरी पावर प्रोजेक्ट को पूरी तरह तबाह कर दिया। बाढ़ की तेज धार ने पटिकरी डेम से लेकर गुहाड़ में स्थित पावर हाउस तक सब कुछ नष्ट कर दिया। पावर प्रोजेक्ट के एजीएम और परियोजना प्रभारी श्याम लाल ने बताया कि रातभर लगातार हुई बारिश के कारण खड्ड का जलस्तर अचानक खतरनाक हद तक बढ़ गया, जिससे पानी सीधे पावर हाउस में घुस गया। पावर प्रोजेक्ट के 12 कर्मचारियों को भागकर जान बचानी पड़ी।

### राजस्थान में ऐसा अनुमान

राजस्थान में मानसून की बारिश का दौर इस सप्ताह जारी रहने का अनुमान है और इस दौरान कई जगह भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। परिसंचरण तंत्र दक्षिण-पूर्वी राजस्थान व आसपास के क्षेत्र में बना हुआ है तथा मानसून 'ट्रफ लाइन' भी दक्षिणी राजस्थान से होकर गुजर रही है।

# मेडिकल कालेज की ओके रिपोर्ट देने से पहले पहुंच चुके थे 1.62 करोड़


सीबीआई की कार्रवाई
मेडिकल कालेज को ओके रिपोर्ट देने रिश्वत, 3 डाक्टर सहित 6 फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मेडिकल कालेज की ओके रिपोर्ट देने के बदले रिश्वत के खेल में एक बड़े रैकेट के शामिल होने की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक राजधानी में संचालित श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर प्रबंधन द्वारा ओके रिपोर्ट देने के बदले पूर्व से ही एक करोड़ 62 लाख रुपए निरीक्षण दल को हवाला के माध्यम से ट्रांसफर किया गया था। दूसरी किस्त के रूप में 55 लाख रुपए दिए गए। यह लेन-देन ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कॉल कर पैसा कलेक्शन करने की दी जानकारी

निरीक्षण दल के सदस्यों में शामिल कर्नाटक के मंड्या स्थित मंड्या इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के ऑर्थोपेडिक्स डिपार्टमेंड की हेड और प्रोफेसर डॉ. मंजुप्पा सीएन ने सतीश को बताया कि हवाला ऑपरेटर से उसे फोन आएगा कि रकम कैसे एकत्र की जानी है। इसके साथ डॉ. मंजुप्पा ने निरीक्षण दल की एक अन्य सदस्य डॉ. चैत्रा से भी बात कर बताया कि उसका हिस्सा सतीश द्वारा उसके निवास पर पहुंचाया जाएगा या कोई इसे सतीश से एकत्र कर सकता है। यह लेन-देन 30 जून को ही होने की संभावना है।

### जानकारी हासिल करने लाखों रुपए रिश्वत

सीबीआई के आरोपों के मुताबिक मयूर रावल ने गोपनीय निरीक्षण से संबंधित विवरण का खुलासा करने के बदले में 25-30 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। रावल ने मेडिकल कालेज के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी को पिछले वर्ष 26 जून को निर्धारित निरीक्षण की तैयारी करने की जानकारी ▶▶| शेष पेज 7 पर

# एक ग्रामीण को उतारा मौत के घाट दूसरा आईईडी ब्लास्ट में गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बीजापुर में नक्सलियों का आम लोगों पर कहर लगातार जारी है। मंगलवार को नक्सलियों ने एक ग्रामीणा की गला रेतकर हत्या कर दी। वहीं नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आने से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जगदलपुर मेकाज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम पेरमपल्ली की है, जहां अज्ञात नक्सलियों द्वारा ग्रामीण की गला ▶▶| शेष पेज 7 पर

### आधा दर्जन नक्सली पहुंचे थे

बताया जा रहा है कि 1 जुलाई की दरम्यानी रात लगभग आधा दर्जन नक्सली सादी वर्दी में पेरमपल्ली निवासी कवासी हुंगा (38) के घर पर पहुंचे और उस पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी।

# सोनिया-राहुल ने की 2000 करोड़ की संपत्ति हथियाने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस को लेकर दिल्ली की एक अदालत में ईडी ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की 2,000 करोड़ रुपए की संपत्ति हड़पना चाहती थी।

■ नेशनल हेराल्ड केस में ईडी का दावा

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू पेश हुए। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन बनाने की साजिश रची गई थी, जिसमें सोनिया और राहुल के पास 76फीसदी शेयर थे, ताकि कांग्रेस से लिए गए 90 करोड़ के कर्ज के लिए एजेएल की संपत्ति को हड़प लिया जाए।



### विज्ञापन के दिए रुपए

ईडी ने अदालत को बताया कि कांग्रेस नेताओं के इसी तरह के निर्देशों के तहत एजेएल को विज्ञापन के रुपये दिए गए थे। ईडी ने दलील दी कि ये लेन-देन अपराध की आय (पीओसी) के बराबर थे और वास्तविक लाभार्थी सोनिया गांधी और राहुल थे। इस पर अदालत ने पूछा कि क्या इन भुगतानों को करने वाले दानदाताओं और कांग्रेस नेताओं को भी प्रतिवादी माना जाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि वे भी अपराध से धन कमाने में शामिल रहे हों।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ यात्रा

# दुर्गम राह पर भक्तों का सैलाब, दिखा जबरदस्त उत्साह

एजेंसी ▶▶| जम्मू

पहलगाम आतंकी हमले के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच, वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बुधवार सुबह जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई। साथ ही 38 दिवसीय यात्रा औपचारिक रूप से गुरुवार को शुरू होगी। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ रेलवे स्टेशन पर विशेष व्यवस्था

**3,880** मीटर की ऊंचाई पर अमरनाथ गुफा

**38** दिवसीय तीर्थयात्रा | **3** जुलाई को शुरू

9 अगस्त को समापन

दो मार्ग से यात्रा की शुरुआत

- अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग
- गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग



### 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारे

'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारे के बीच 4,000 से अधिक उत्साही तीर्थयात्री भारी बारिश के बावजूद वाहनों के काफिले में जम्मू से अमरनाथ के लिए रवाना हुए। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने भी जम्मू में आधार शिविर का दौरा किया और कहा कि शांतिपूर्ण तीर्थयात्रा के लिए सभी व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। जम्मू में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।



### सुरक्षा में मुस्तैद सीआरपीएफ

सीआरपीएफ ने जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के सिलसिले में गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए बालटाल मार्ग लेने वाले तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए महिला कर्मियों की 'क्या मैं आपकी मदद कर सकती हूं' नामक विशेष टीम तैनात की है। सीआरपीएफ ने इस वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए सबसे अधिक संख्या में कर्मियों को तैनात किया है।

# दुनिया की सबसे अनोखी सीमा, घरों के अंदर से होकर गुजरता है बॉर्डर




**एम्स्टर्डम।** सीमा को लेकर आए दिन पड़ोसी देशों के बीच तनातनी देखने को मिलती हैं। कई बार सीमा विवाद को लेकर हालात इतने खराब हो जाते हैं कि व्यापक पैमाने पर दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ जाता है और कई निर्दोष लोगों की जानें चली जाती हैं। इसके चलते दोनों देशों को अरबों रुपयों का घाटा सहना पड़ता है और अर्थव्यवस्था के हालात भी काफी बिगड़ जाते हैं। इसके कारण दुनिया भर में कई देश अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए कटीले तारों से फेंसिंग करते हैं। वहीं, दूसरी तरफ यूरोप में एक ऐसी सीमा भी है, जहां आप एक देश मे नाश्ता बना सकते हो तो दूसरे देश में जाकर उसको खा सकते हैं। यह सीमा बार्ले में स्थित है। बार्ले शहर दो देशों की सीमाओं के बीच बसा है। यह शहर नीदरलैंड और बेल्जियम की सीमा पर स्थित है।




### सफेद क्रॉस बनाकर चिह्नित किया गया है सीमा रेखा

बार्ले शहर का कुछ भाग नीदरलैंड के पास है और कुछ हिस्सा बेल्जियम के पास। इस शहर का जो भाग नीदरलैंड के पास है उसे बार्ले नासायु के नाम से जाना जाता है। शहर का जो हिस्सा बेल्जियम में है उसे बार्ले हेरटोग कहा जाता है। दोनों देशों के बीच की इस सीमा रेखा को एक सफेद क्रॉस बनाकर चिह्नित किया गया है। कई जगहों पर दोनों देशों के बीच की यह सीमा रेखा लोगों के घरों के भीतर से होकर गुजरती है। घर के भीतर अगर बेड सीमा रेखा के ऊपर रखा हुआ है, तो सोते वक्त यहां के लोग करवट बदलते ही नीदरलैंड पहुंच जाते हैं तो दूसरी करवट में वापिस बेल्जियम आ जाते हैं।



### ऐसे दी गई देश की नागरिकता

कई वर्षों बाद 1830 में जब नीदरलैंड से अलग होकर बेल्जियम एक नया देश बना तो सीमाओं का निर्धारण शुरू हुआ। उस वक्त सर्वेक्षकों ने उत्तरी सागर के तट से जर्मन राज्यों को निर्धारित किया। वहीं, जब सर्वेक्षक इस इलाके में पहुंचे तो यहां की सीमा को निर्धारित करने का फैसला बाद में लेने के लिए कहा। बाद में जब सीमा का निर्धारण किया जाने लगा तो उस वक्त शहर में कई सारे घर, दुकानें, पार्क आदि बंटे हुए थे।

### हर चीज दो हैं इस शहर में

आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन इस शहर में हर चीज दो हैं। इस शहर के दो नाम हैं, नगर पालिका दो हैं, डाकघर दो हैं लेकिन इन सब को नियंत्रित एक ही समिति करती है। अपने इसी अनोखेपन के चलते ये शहर अक्सर सुर्खियों में बना रहता है और देश-दुनिया से कई सारे पर्यटक इसे देखने आते हैं। वे लोग दोनों देशों की सीमा पर खड़े होकर अपनी तस्वीरें भी खिंचवाते हैं।

## रोचक खबरें



### स्कूल में था फंक्शन, गाय पर बैठकर पहुंची 15 साल की बच्ची

**लंदन।** आजकल के बच्चे अपने फैशन और स्वैग को बनाए रखने पर इतना ध्यान देते हैं कि कम उम्र के होते हुए भी वो बड़ों की तरह हरकतें करते हैं। खुद को कभी शर्मिंदा नहीं करना चाहते। इस वजह से आप देखेंगे कि युवक-युवतियां मेकअप करने लगते हैं, मोबाइल फोन्स लिए रहते हैं। हालांकि, ब्रिटेन की एक 15 वर्षीय लड़की इस मामले में काफी अलग है। उसे इन बातों से फर्क नहीं पड़ता, तभी तो जब वो स्कूल के फंक्शन में पहुंची, तो ऐसी चीज पर बैठकर पहुंची कि उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। ब्रिटेन के मैनचेस्टर में एक 15 वर्षीय किसान की बेटी ने अपने स्कूल प्रॉम इवेंट में जो एंट्री ली, उसने न केवल लोगों को चौंका दिया, बल्कि सोशल मीडिया पर भी तहलका मचा दिया। जहां आमतौर पर छात्र लक्जरी कारों या घोड़ों पर सवार होकर प्रॉम में आते हैं, वहीं क्लो फिटन नाम की इस लड़की ने गाय पर बैठकर प्रॉम में दस्तक दी। क्लो ने अपने स्कूल के प्रॉम इवेंट में एक शानदार नीली ड्रेस पहनकर हिस्सा लिया और उनके साथ थी एक ब्रिटिश ब्लू नस्ल की 5 साल की गाय, जिसका नाम था ओएसिस। वीडियो में क्लो गाय की पीठ पर सवार मुस्कुराते हुए नजर आती हैं, जबकि उनके पिता रिचर्ड (43) और भाई थॉमस (19) गाय को संभालते हुए साथ चलते हैं। क्लो एक पांचवीं पीढ़ी की किसान हैं और उनके परिवार में इस तरह की अनूठी परंपराएं पहले भी देखी गई हैं।

### बेटों ने दी पिता को खास अंतिम विदाई, हेलीकॉप्टर से कराई फूलों और नोटों की बारिश

**न्यूयार्क।** भारत में बुजुर्गों की अंतिम विदाई को बड़े आदर-सम्मान के साथ मनाने की परंपरा है, लेकिन अमेरिका से आई एक खबर ने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। अमेरिका में रहने वाले डैरेल थॉमस नाम के व्यक्ति का निधन हो गया था। उनके परिवार ने तय किया कि वे उनकी आखिरी इच्छा को खास अंदाज में पूरा करेंगे। उनके अंतिम संस्कार के दिन उनके बेटों डैरेल और जॉन्टे ने एक हेलीकॉप्टर का इंतजाम किया, जिससे गुलाब की पंखुड़ियों के साथ-साथ करीब 4.27 लाख रुपए की नकदी हवा से बरसाई गई। यह आयोजन इतना अनोखा था कि इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और हर कोई इसे देखकर दंग रह गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग आसमान से गिरते नोटों को लूटने के लिए इधर-उधर दौड़ते नजर आ रहे हैं। इस नजारे ने हर किसी को चौंका दिया। कुछ लोगों ने इस घटना को गैर-जिम्मेदाराना और पागलपन करार दिया, वहीं बहुत से लोगों ने इसे डैरेल थॉमस को एक सच्चे दिल से दी गई बेमिसाल विदाई बताया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस को पहले से सिर्फ गुलाब की पंखुड़ियों के गिराए जाने की सूचना थी, लेकिन पैसों के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई थी। डेट्रॉइट पुलिस ने बाद में साफ किया कि वे इस घटना को लेकर कोई जांच नहीं कर रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन ने हेलिकॉप्टर उड़ान और नोटों की बारिश की घटना की जांच शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं इससे सुरक्षा नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ।



### नाग की मौत के बाद 24 घंटे तक वहीं बैठी रही नागिन, फिर त्याग दिए प्राण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुरैना से एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां पर नाग के प्रति नागिन के प्रेम को देखकर हर कोई हैरान है। दरअसल, एक नाग की सड़क पार करते समय कुचलकर मौत हो गई। इसके बाद गांव वालों ने नाग के शव को सड़क के किनारे पर रख दिया। कुछ देर बाद वहां पर नागिन पहुंच गई। नाग को मरा हुआ देखकर वह उसके पास बैठ गई और 24 घंटे तक वहीं बैठी रही। जानवरों में इस तरह का प्रेम दुर्लभ ही दिखाई देता है।



मुरैना के पहाड़गढ़ विकासखंड के धूरकूड़ा कॉलोनी में नाग-नागिन के इस प्रेम ने हर किसी को भावुक कर दिया। इस घटना से पता चलता है कि नाग-नागिन में प्रेम होना कोई कहानी नहीं, बल्कि सच्चाई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नागिन करीब 24 घंटे तक नाग के पास बैठी रही। ऐसा लगा रहा था कि जैसे वो अपने साथी को अंतिम विदाई दे रही हो। सबसे हैरान वाली बात यह है कि वहीं पर उसने भी अपने प्राण त्याग दिए। इस दृश्य को देख वहां के आश्चर्यचकित रह गए। लोगों ने बताया कि नाग की मौत के बाद नागिन शांत और व्यथित नजर आ रही थी। वह न हिली और न ही कहीं गई। सिर्फ मृत नाग के पास ही बैठी रही। ग्रामीणों ने देखा कि नागिन की भी मौत हो गई थी। गांव वालों ने दोनों का विधिवत अंतिम संस्कार किया। सनातन धर्म में नाग-नागिन को पूजनीय माना जाता है। ग्रामीणों ने फैसला किया है कि जहां पर उनकी मौत हुई है, वो वहां पर अमर प्रेम की प्रतीक स्थली के रूप में चबूतरा बनवाएंगे।

# प्रोफेसर ने 25 साल प्यार पर किया रिसर्च, अब खोला बड़ा राज!

**न्यूयार्क।** जब दो लोग प्यार के रिश्ते में नजदीक आते हैं, तो वो हमेशा जानना चाहते हैं कि उनका रिश्ता लंबा चलेगा या नहीं। एक बार शादी हो गई, तो लगता है कि अब तो जीवनभर साथ रहना है, मगर हर बार ऐसा नहीं होता। कई लोगों का रिश्ता शादी के बाद भी टूट जाता है। तो सवाल ये उठता है कि रिश्ता ताउम्र टिकेगा या नहीं, ये कैसे जाना जाए? एक प्रोफेसर ने इसके बारे में सोशल मीडिया पर विस्तार से बताया है। उन्होंने 25 साल प्यार पर शोध किया है और अब इस सवाल का जवाब दे रहे हैं।

### लंबे चलने वाले रिश्ते की असली कुंजी 'बेस्ट फ्रेंडशिप'



हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और सामाजिक विज्ञान विशेषज्ञ आर्थर ब्रूक्स ने दो दशकों तक प्रेम और रिश्तों पर अध्ययन करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि एक सफल और लंबे चलने वाले रिश्ते की असली कुंजी 'बेस्ट फ्रेंडशिप' यानी गहरी दोस्ती है- न कि सिर्फ रोमांटिक जोश। आपके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक यह है कि आपका कोई ऐसा साथी हो जो आपके अंतिम समय में आपके साथ हो।

### पुरुष आमतौर पर अपने दोस्तों से संपर्क बनाए रखने में कमज़ोर



### सिर्फ बच्चों पर नहीं टिका होना चाहिए पति-पत्नी का रिश्ता

शारीरिक नज़दीकियों का कम होना अस्वाभाविक नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रिश्तों में यह जरूरी भी हो सकता है, वे कहते हैं। ब्रूक्स के अनुसार, जिन दंपतियों के बीच गहरी मित्रता होती है, वे बिना ज्यादा रोमांटिक जुनून के भी खुश रहते हैं। अगर आपके पास जीवनसाथी नहीं है, तो आपके पास गहरे दोस्त होने चाहिए। उन्होंने कहा, ऐसे दोस्त जो आपके सीक्रेट जानते हों, रात 2 बजे की कॉल उठाएं और जिनसे आप दिल से बातें कर सकें। उन्होंने यह भी माना कि पुरुष आमतौर पर अपने दोस्तों से संपर्क बनाए रखने में कमज़ोर होते हैं, और यह भविष्य में अकेलेपन का कारण बन सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे रिश्ते, जो केवल बच्चों की वजह से बने रहते हैं, सबसे अधिक खतरे में होते हैं। अगर एक दंपती के बीच सिर्फ बच्चे ही साझा बिंदु हैं, तो उनके रिश्ते के टूटने की संभावना अधिक है। वे कहते हैं, बच्चे बड़े होकर अलग हो जाते हैं, लेकिन जीवनसाथी वहीं रहता है। अगर आप दोनों के बीच और कुछ साझा नहीं है, तो अकेलापन बढ़ता है।



### रिश्तों को लेकर बताई जरूरी बात

उन्होंने बताया कि एक पति-पत्नी को सिर्फ प्रेमी नहीं, बल्कि गहरे दोस्त होना चाहिए। ब्रूक्स कहते हैं, मैं अपनी पत्नी एस्टर के साथ जीवन के अंत तक रहना चाहता हूं, और यही रिश्ता सच्चे सुख का स्रोत है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे लोग जो अपने जीवनसाथी के साथ रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं, उनके रिश्ते के टूटने की संभावना अधिक होती है। उन्होंने एम्प्टी नेस्ट सिंड्रोम का उदाहरण दिया- जब बच्चे घर छोड़ देते हैं और माता-पिता अकेले रह जाते हैं। असल समस्या खाली घर नहीं, बल्कि यह है कि आप अपने साथी के साथ नहीं जुड़ पाए।

# पृथ्वी से टकरा सकते हैं चार एस्टेरॉयड वैज्ञानिक रख रहे हैं इन पर नजर

**वॉशिंगटन।** पृथ्वी के लिए एस्टेरॉयड को खतरा माना जाता है। अगर एस्टेरॉयड धरती से टकराता है, तो बड़ी तबाही मच सकती है। बताया जाता है कि धरती का चक्कर लगाने वाला बड़ा एस्टेरॉयड यानी क्षुद्रग्रह सिर्फ एक बार पृथ्वी से टकराया था जिसके बाद डायनासोर दुनिया से खत्म हो गए थे। इसके बाद कई बार पृथ्वी के पास से गुजरने वाले एस्टेरॉयड के टकराने की बात कही गई, लेकिन कभी ऐसा नहीं हुआ। दुनियाभर में कई संगठन और वेधशालाएं हैं, जो इन पर नजर रखती हैं। डिडिमोस का मतलब ग्रीक भाषा में जुड़वां होता है। डिमॉर्फोस इसका एक छोटा चंद्रमा है और इसका चक्कर लगाता है। इन दोनों को पृथ्वी के लिए कोई खतरा नहीं माना जाता, लेकिन ये अपेक्षाकृत नजदीक से गुजरते हैं।



### क्या हैं एस्टेरॉयड?

वैज्ञानिकों के मुताबिक, हमारे सौर मंडल का लगभग 4.6 अरब साल पहले निर्माण हुआ था। उस दौरान कुछ चट्टानी पिंड बच गए थे, जिन्हें एस्टेरॉयड कहा जाता है। अभी तक दस लाख से अधिक एस्टेरॉयड्स की पहचान की जा चुकी है। इनमें से अधिकतर मुख्य एस्टेरॉयड बेल्ट में स्थित हैं। यह बेल्ट मंगल और बृहस्पति के बीच का क्षेत्र है। सभी एस्टेरॉयड सूर्य की परिक्रमा करते हैं। इनमें से कुछ पृथ्वी के पास से गुजरते हैं। अधिकतर एस्टेरॉयड बिना कोई नुकसान नहीं पहुंचाए गुजर जाते हैं। हालांकि, कुछ ऐसे हैं जिन पर नजर रखना जरूरी है। इसलिए इन पर नजर रखी जाती है कि कहीं इनके पृथ्वी से टकराने की संभावना तो नहीं है।

### एपोफिस एस्टेरॉयड

एपोफिस एस्टेरॉयड को पृथ्वी के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि इस टकराने की संभावना है। साल 2004 में इसकी खोज की गई थी। मिस्र की पौराणिक कथाओं में एपोफिस को विनाश का देवता माना जाता है, जिसके नाम पर एस्टेरॉयड का नाम रखा गया है। शुरुआत के दिनों में आशंकी थी कि एपोफिस पृथ्वी से टकरा सकता है, लेकिन बाद में नासा ने साफ किया आने वाले 100 वर्षों तक एपोफिस के पृथ्वी से टकराने का कोई खतरा नहीं है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह 13 अप्रैल 2029 को पृथ्वी के पास से सुरक्षित रूप से गुजरेगा। इसका औसत व्यास करीब 340 मीटर है यानी यह तीन फुटबॉल मैदानों के बराबर। यह पृथ्वी की सतह से करीब 32,000 किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा।



### एस्टेरॉयड 2024 वाईआर4

अमेरिका अंतरिक्ष एजेंसी नासा का अनुमान है कि एस्टेरॉयड 2024 वाईआर-4 का आकार करीब 53 से 67 मीटर के बीच है। साल 2024 में इसकी खोज हुई थी। 2032 में पृथ्वी से टकराने की थोड़ी आशंका होने के बाद यह चर्चा में आया था। कुछ शोधकर्ताओं का शुरुआती गणनाओं में अनुमान था कि 2024 वाईआर-4 की पृथ्वी से टकराने की आशंका 32 में एक हो सकती है। हालांकि, नासा ने बाद में इसका आशंका को खारिज कर दिया। हालांकि, अभी भी इस बात की 3.8 फीसदी आशंका है कि 2024 वाईआर-4 चंद्रमा से टकरा सकता है। हालांकि, नासा ने बताया है कि ऐसा होने पर भी इससे चंद्रमा की कक्षा पर कोई असर नहीं होगा।

# सच हुई प्लेटो की भविष्यवाणी! समुद्र की गहराई में मिला हजारों साल पुराना शहर, एक श्राप से हुआ था तबाह

**मैड्रिड।** मेलऑनलाइन द्वारा किए गए एक नए दावे के अनुसार अटलांटिस शहर जिस अक्सर एक मिथक मानकर हमेशा ही खारिज कर दिया जाता था। हाल ही में इसकी खोज स्पेन के काडीज तट से 2 मील की दूरी पर हुई है। प्लेटो के प्राचीन ग्रंथों में एक असाधारण सभ्यता का जिक्र किया गया है, जिसमें बड़े मंदिर और बंदरगाह थे, 11,000 साल पहले समुद्र में समा गया था।

### प्लेटो की बातें

प्लेटो के अभिलेखों के अनुसार इस जगह पर एटलस और उनके जुड़वा भाई गैडेरस राज करते थे। आगे प्लेटो ने यह भी लिखा कि अटलांटिस के लोग बहुत ही भ्रष्ट हो गए थे, जिसकी वजह से देवताओं ने उन्हें सजा दी। डोनेलन के कहा, प्लेटो ने बहुत ही साफ शब्दों में कहा है, एक दिन और एक रात ऐसे भूकंप और बाढ़ आएगी।



### समुद्र की गहराई में मिले सबूत

